सुविधाओं का अब घर बैठे 'उपयोग'

लखनऊ। नगर निकाय क्षेत्रों में गृहकर निर्धारण, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र समेत कई सुविधाएं अब घर बैठे ही मिलेंगी। इसके लिए अर्बन प्लेटफार्म ऑफ ऑनलाइन डिलीवरी गवर्नेंस यानी 'उपयोग' एप का इस्तेमाल करना होगा। यह सुविधा सभी नगर निगमों में मिलेगी। इसके अलावा नगर विकास विभाग भी एक एप लॉन्च करने जा रहा

निगमों में गृहकर निर्धारण, जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र समेत नौ सुविधाएं मिलेंगी ऑनलाइन

जिस पर लोग अपनी समस्याओं का समाधान पा सकेंगे। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने इस संबंध में सभी नगर आयुक्तों और अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं। ब्यूरो

नौ तरह की सेवाओं पर फोकस

गृहकर निर्धारण, गृहकर जमा करना, भवन निर्माण मंजूरी, शिकायतों का निस्तारण, ट्रेड लाइसेंस, अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी), सीवर और जलकर, यूजर चार्ज, वित्त एवं लेखा के काम और जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की सेवाएं शामिल हैं। >> 'उपयोग' से सीधे कर सकेंगे अफसरों से बात : 5